# बाबा साहब के सपनों को पूरा कर रही है भाजपा : डॉ . मिश्रा



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 26 जून।** बाबा साहब के विचार, संघर्ष और आदर्श सदैव हमें समतामूलक, न्यायपूर्ण एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उक्त बात पूर्व गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय, समानता, बंधुत्व और संवैधानिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने तथा उन्हें और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया बाबा साहब के विचार, संघर्ष और आदर्श सदैव हमें समतामूलक, न्यायपूर्ण एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते रहेंगे भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब के विचारधारा से चलने वाली पार्टी है।

उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी और अन्य दल चुनाव के वक्त बाबा साहब और संविधान को याद करते हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी 24 घंटे बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलती है और और बाबा साहब का जो सपना था कि अंतिम छोर के व्यक्ति लाभान्वित हो इस संकल्प को पूरा करने में लगी है और आज अंतिम छोर का गांव या व्यक्ति केंद्र एवं प्रदेश सरकार की लाभकारी योजना का लाभ लेकर आगे बढ़ रहा है इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा, प्रवीण पाठक, श्रीराम नन्ना यादव अतुल भूरे चौधरी , पार्षद अर्जुन अहिरवार अनिल भार्गव बृजेश दुबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने एक अन्य कार्यक्रम में नवनियुक्त भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए पोलिंग बूथ पर कम करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत विश्व गुरु और बनने की ओर अग्रसर है भारतीय जनता पार्टी लग्न सील कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का काम कर रही है भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के द्वारा लगातार पार्टी का विस्तार करते हुए वरिष्ठ एवं नव युवाओं पार्टी के दायित्व दिए जा रहे हैं पार्टी की मजबूती के लिए पोलिंग बूथ पर काम करे जिससे पार्टी मजबूत हो।

## हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव पर शोभा यात्रा आज

**दतिया ।** छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के उपलक्ष में पूरे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष हमारे स्वाभिमान, संस्कृति, और स्वराज के अमर इतिहास का स्मरण एवं उत्सव हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव के रूप में मनाया जाता है इस वर्ष यह उत्सव आज दतिया नगर में मनाया जा रहा है जिसमें एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है यह यात्रा 27 जून को शाम 5 बजे सरस्वती विद्या मंदिर भरतगढ़ दतिया से प्रारंभ होकर किला चौक दारूगर की पुलिया, तिगैलिया, टाउन हॉल से वापस किला चौक होती हुई सरस्वती विद्या मंदिर भरतगढ़ पर संपन्न होगी उपरोक्त कार्यक्रम में समस्त नागरिकों से आने का आग्रह किया गया है कार्यक्रम का आयोजन हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव आयोजन समिति दतिया द्वारा किया जा रहा है।



## शोक-संतप्त परिवारों के बीच पहुंचे पूर्व विधायक सिंह

**नवभारत न्यूज**
**सेंवढ़ा, 26 जून।** सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने सेंवढ़ा पहुंचे जहां वार्ड क्रमांक 3 में श्री मनमोहन दीक्षित के बड़े भाई स्व. ओमप्रकाश दीक्षित के असमय दु:खद निधन होने पर उनके परिवार जनों के बीच पहुंच कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। स्व. दीक्षित के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। इसके पश्चात सिंह ने ग्राम पड़री पहुंच कर देवेंद्र सिंह सोलंकी की धर्मपत्नी एवं करणी सेना के जिलाध्यक्ष शिरोमणि सिंह सोलंकी की भाभी जी स्व.श्रीमती श्यामा देवी के असमय दु:खद निधन होने पर उनके निवास पर पहुंच कर शोकाकुल श्री देवेंद्र सिंह सोलंकी एवं उनके पुत्र राघवेंद्र सिंह सोलंकी एवं देवर श्री शिरोमणि सिंह सोलंकी एवं अन्य परिवार जनों से मिलकर शोक व्यक्त किया। इसके पश्चात श्री सिंह ने ग्राम रसूलपुरा निवासी जसराम सिंह गुर्जर के असमय दु:खद निधन पर ग्राम रसूलपुरा पहुंच कर शोकाकुल परिवार जनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। सिंह के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा, नरेंद्र गुर्जर, देशराज कुशवाहा, जनवेद सिंह कुशवाहा एवं जसवंत सिंह बघेल उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक ने दिया ताजियों को कांधा



**नवभारत न्यूज**
**सेंवढ़ा, 26 जून।** मुहर्रम के अवसर पर आज किला परिसर में पूर्व विधायक महाराज घनश्याम सिंह ने ताजियों को कांधा दिया और तबर्रुक के साथ फातिहा पढ़वाई। मुस्लिम समुदाय के मातमी त्यौहार मोहर्रम पर्व पर शुक्रवार को पारंपरिक रूप से सेंवढ़ा किला प्रांगण में विभिन्न इमामबाड़ों के ताजिए एवं बुर्राकें एकत्रित हुईं। यहां दतिया राज परिवार की परंपरा अनुसार दतिया राज घराने के महाराज घनश्याम सिंह जूदेव ने ताजियों एवं बुर्राकों को अगरवत्ती लगाकर तबर्रुफ़ चढ़ाया। इसके पश्चात ताजियों को कंधा देकर करबला के लिए रवाना किया। किला प्रांगण से ताजिए एवं बुर्राकों के साथ विभिन्न अखाड़ों ने हैरतंगेज करतबों का प्रदर्शन मुख्य बाजार से गुजरते समय किया। इस अवसर पर सिंह के साथ वरिष्ठ नेता अपरवल साहनी, राजेंद्र नोनेरिया, देशराज कुशवाह, बादशाह खान,कमल किशोर शर्मा, रहीस खान, दिग्विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में हिंदू-मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

## निर्जला ग्यारस पर श्रद्धालुओं को शरबत वितरण




**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 26 जून।** निर्जला ग्यारस के अवसर पर विप्र फाउंडेशन जिला दतिया द्वारा श्री जानकी निवास मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए शीतल सरबत वितरण सेवा का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य का श्रद्धालुओं ने स्वागत करते हुए संगठन की सराहना की। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा को सर्वोच्च धर्म माना गया है। निर्जला ग्यारस जैसे पावन पर्व पर प्यासे लोगों को शीतल पेय उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है। संगठन आगे भी समाजहित एवं जनसेवा के ऐसे कार्य निरंतर करता रहेगा। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को सरबत वितरित किया इसमें मुख्य रूप से पुजारी पंकज गोस्वामी, अरुण कुमार सिद्ध, मनीष शर्मा, कौशल पाठक, प्रदीप पाण्डेय, दिपेन्द्र तिवारी, प्रशांत दीक्षित, पिंटू शर्मा उपस्थित रहे।

## तहसील न्यायालय आपके द्वार अभियान के तहत राजस्व शिविर आयोजित

**दतिया।** आपके द्वार अभियान के अंतर्गत तहसीलदार सुनील भदौरिया द्वारा ग्राम खिरिया फैजुल्ला में राजस्व शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा विभिन्न राजस्व सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान 2 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया गया,1 बटवारा, इसके अतिरिक्त सीमांकन संबंधी आवेदन प्राप्त किए गए, तथा 1 अतिक्रमण संबंधी प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में राजस्व निरीक्षक, तहसील रीडर, पटवारीगण एवं अन्य राजस्व कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना व निराकरण सुनिश्चित किया।



## हुसैन की शहादत को याद कर निकाले ताजिया

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 26 जून।** मुर्हरम का पर्व त्याग बलिदान और अन्याय के खिलाफ खड़े होने का प्रतीक है इस मौके पर जिले में बुर्राक और ताजियों के साथ अखाड़ा निकाला जिसमें बच्चों एवं नौ-जवानों ने अलग-अलग कर्तव्य दिखाये उनाव में जामा मस्जिद से उठाकर मुख्य बाजार से निकला थाना प्रभारी यतेन्द्र भदौरिया की व्यवस्थाऐं चाक चौबंद रही। वहीं दतिया में बारूगर की पुलिया काले खान के निवास पर ताजिया मोहर्रम के अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त अवधेश नायक ने अमन चैन की दुआ मांगी। सेंवढ़ा में किला परिसर में पूर्व विधायक घनश्याम ने ताजियों एवं बुर्राको को अगरवर्ती लगाई। वहीं इंदरगढ़ में मुस्लिम समाज का पर्व मोहर्रम धूमधाम से मनाया गया। युवाओं ने अखाड़ो के करतवों व मातमी धुनों से साथ करबला में दफ्न किये। दतिया में भी नगर में धूमधाम से निकाले गये। उप-निरीक्षक अंशुल अरौरा ने व्यवस्थाओं को चॉक चौबंद रखा।

## आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने पर लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

**दतिया।** आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ के अवसर पर भांडेर में भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिजनों का सम्मान किया गया। इस दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सेनानियों के त्याग, बलिदान और योगदान को याद करते हुए उनसे संवाद भी किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश पंसारी ने भाजपा नेता एवं लोकतंत्र सेनानी भोलाराम गोलानी का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था, जब नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर गंभीर संकट आया। ऐसे कठिन समय में लोकतंत्र सेनानियों ने अदम्य साहस, राष्ट्रनिष्ठा और संघर्ष की भावना के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों का त्याग और बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को उनके संघर्ष से सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह यादव सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाराज खेत सिंह पार्क में किया पौधारोपण



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 26 जून।** अखिल भारतीय संगठन के 7वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर एक पौधा माँ के नाम अभियान के अंतर्गत दतिया स्थित महाराजा खेत सिंह पार्क में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रशांत ढेंगुला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, वहीं मंडल अध्यक्ष अरविंद दांगी इमलिया विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में खंगार क्षत्रिय विकास संघ के संरक्षक रामकिशन दादा, जिला अध्यक्ष सुरेश परिहार राष्ट्रीय सचिव हरिमोहन मिर्धा ,भोलाराम दाऊ, अशोक सिंह परिहार, ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पहलवान, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजू पहलवान, बलवंत सिंह परिहार, विकास परिहार सहित समाज के अनेक गणमान्य बंधुजन उपस्थित रहे।

संगठन विस्तार एवं समाज को सशक्त बनाने हेतु नए दायित्व भी सौंपे गए। जिसमें बिल्लू सरपंच सलैया को ब्लॉक अध्यक्ष एवं पवन परिहार को युवा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजबंधुओं ने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एकता एवं संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## न्यायाधीश ने किया सब जेल का निरीक्षण

**भैरुंदा.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने भैरूंदा सब-जेल का निरीक्षण किया. जेल में नशामुक्ति एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया. उन्होंने बंदियों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नशे की लत जीवन को बर्बाद कर देती है एवं कई अपराध नशे के कारण होते हैं. इस अवसर पर सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने बंदियों को बताया कि यदि वे नशा छोड़ना चाहते हैं तो उनकी लत निशुल्क नशा मुक्ति केंद्र के माध्यम से छुड़ाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव उनकी मदद करेगा. इस अवसर पर जिला न्यायाधीश श्रीमती उषा तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान सहित जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित थे.

## हमारा गांव इस विद्यालय का पूर्ण सहयोग करेगा : रावत




**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 26 जून।** भरसूला दतिया- ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला दतिया द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर भरसूला संकुल के ग्राम स्यावरी में नवीन विद्यालय प्रारंभ किया गया। अपने उद्बोधन में जिला प्रमुख एवं पर्यावरण मित्र राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्याभारती का पहला विद्यालय सन् 1952 में गोरखपुर उत्तर प्रदेश में प्रारंभ हुआ था वहां आज विशाल परिसर में भव्य विद्यालय हजारों छात्रों को भारतीय संस्कृति, सामाजिक चेतना एवं पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने गांव स्यावरी में इस विद्यालय के माध्यम से नई पीढ़ी का सर्वांगीण विकास हो गांव स्वावलंबी बने। गांव में पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती,जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, नशामुक्त गांव बने इसके लिए विद्यालय का पूरा सहयोग रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुंशीराम रावत ने संकुल प्रमुख एवं जिला समिति का विद्यालय प्रारंभ करने के लिए आभार जताया और आश्वासन दिया कि हम और हमारा गांव इस विद्यालय का तन-मन-धन से पूर्ण सहयोग करेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन और अतिथि परिचय संकुल प्रमुख संजय सिंह रावत ने किया अतिथि स्वागत दलवीर सिंह रावत और शिवनारायण पचोरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संतोष जी गुप्ता रविन्द्र सिंह रावत देवांश रावत , मोनिका रावत,मनोज, रविकांत,अनुज सिंह आदि नव प्रवेशी छात्र सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जोनल स्तरीय निरंकारी महिला संत समागम रविवार को

**नवभारत न्यूज**
**दतिया 26 जून।** संत निरंकारी मिशन शाखा दतिया के तत्वावधान में विशाल जोनल स्तरीय निरंकारी महिला संत समागम कल 28 जून को सुशीला शर्मा की अध्यक्षता मे स्थानीय संत हजारी राम ज्योति मंदिर, गाड़ी खाना मार्ग पर प्रात: 11 से दोप 2 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें निरंकारी मण्डल के जोन ग्वालियर, के भिंड, मुरैना, शिवपुरी,ग्वालियर, डबरा, श्योपुर व अन्य शहरों की लगभग दो सौ से अधिक संत बहिने हिस्सा लेने हेतु दतिया पहुंचेगी वही दतिया शहर से भी सेकड़ो बहिने समागम मे हिस्सा लेगी, निरंकारी मण्डल शाखा दतिया के व्यवस्थापकों ने सभी धर्म प्रेमी माताओ बहिनों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक सख्या मे समागम मे पहुंचकर धर्म लाभ लेवे।

### स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**सीहोर.** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थापना दिवस पर जिला इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया.संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया. कार्यक्रम में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय अध्यक्ष अतुल कुमार राठौर काका तथा जिला अध्यक्ष मनीष मेवाड़ा उपस्थित रहे.

## नशामुक्त समाज ही भारत की सबसे बड़ी पहचान : न्यायाधीश देवेश

**दतिया।** अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत आयोजित नशा मुक्त भारत विकसित भारत की पहचान सप्ताह का शुक्रवार को गरिमामय समापन हुआ। समापन अवसर पर यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि अभियान का समापन हुआ है, लेकिन नशे के विरुद्ध जनजागरण की मुहिम अब वर्षभर जिले के गांव-गांव और वार्ड-वार्ड में निरंतर जारी रहेगी।

समर्पण नशा मुक्ति केंद्र, दतिया में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश देवेश मिश्रा ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के पतन का सबसे बड़ा कारण है। कानून अपराध को रोक सकता है, लेकिन नशे से स्थायी मुक्ति केवल जागरूकता, आत्मसंयम और सामाजिक सहयोग से ही संभव है। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका, नशे से जुड़े अपराधों एवं उनके कानूनी परिणामों की विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान चंद्रभान रावत विजय दोहरे ने अपने विचार व्यक्त किये।

## विधिक साक्षरता शिविर बताए नशे के दुष्परिणाम

**आष्टा.** प्रथम जिला न्यायाधीश महेश कुमार चौहान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन अचीवर्स कोचिंग क्लासेस में किया गया.श्री चौहान द्वारा बताया कि नालसा की डॉन योजना के अंतर्गत लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना है.

## वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं : जिलाधीश



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 26 जून।** जिले के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक, सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए व्यापक 'जिला स्तरय वरिष्ठ नागरिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्ययोजना' लागू की है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वप्निल वानखड़े द्वारा जारी आदेश के तहत वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, पुनर्वास तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। इस पहल का उद्देश्य जिले के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना, उनकी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना तथा उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करना है 'जिले में गठित होगी वरिष्ठ नागरिक कल्याण एवं पुनर्वास समिति'

> **'सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का होगा संतृप्तिकरण'**
> पात्र वृद्धजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड तथा अन्य पात्रतानुसार योजनाओं से जोड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। लक्ष्य रखा गया है कि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक शासन की योजनाओं से वंचित न रहे।

जिले में विशेष अभियान चलाकर वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया जाएगा। अकेले रहने वाले, निराश्रित, असहाय, दिव्यांग एवं गंभीर रूप से बीमार वृद्धजनों की पृथक पहचान कर उन्हें आवश्यक सेवाओं एवं योजनाओं से जोड़ा जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जेरियाट्रिक स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष्मान भारत योजना का लाभ, नेत्र एवं श्रवण परीक्षण तथा गंभीर रूप से बीमार वृद्धजनों के लिए घर-घर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

पुलिस विभाग द्वारा अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया जाएगा तथा नियमित रूप से उनकी सुरक्षा की निगरानी की जाएगी। वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले उत्पीड़न, धोखाधड़ी एवं संपत्ति संबंधी विवादों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण संबंधी मामलों के त्वरित निराकरण हेतु राजस्व विभाग एवं संबंधित अधिकरणों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा एवं न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वरिष्ठजन सम्मान अभियान भी संचालित किया जाएगा, जिससे युवा पीढ़ी में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं सेवा भावना विकसित हो सके। कलेक्टर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, ज्ञान और योगदान का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है।

## लीवर की सेहत पर दतिया में बड़ी पहल

**दतिया।** दतिया और आसपास के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। शहर के 'डॉ. हेमंत जैन क्लीनिक' द्वारा '28 जून रविवार' को 'दोपहर 02 बजे से शाम 5 बजे तक' एक विशेष नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर की सबसे बड़ी खासियत मरीजों को दी जाने वाली 'नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन की सुविधा' है। आम तौर पर महंगी मानी जाने वाली यह आधुनिक जांच इस शिविर में पूरी तरह से मुफ्त उपलब्ध होगी, जिससे लिवर की गंभीर समस्याओं का समय रहते पता लगाया जा सकेगा।'क्या है फाइब्रोस्कैन और इसके प्रमुख फायदे, आधुनिक चिकित्सा में फाइब्रोस्कैन लिवर की जांच की एक बेहद सुरक्षित और प्रभावी तकनीक है।



## बैंक अध्यक्ष ने पूर्व नप अध्यक्ष के निवास पर पहुंचकर जताया शोक

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 26 जून।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के वर्तमान अध्यक्ष महेंद्र यादव ने भांडेर प्रवास के दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बल्ले रावत के निवास पहुंचकर उनके भतीजे आनन्द रावत के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। महेंद्र यादव ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने दिवंगत के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बृजकिशोर (बल्ले) रावत, भाजपा नेता प्रमोद पुजारी, रूपसिंह सेंगर, भोलाराम गोलानी, विशुन सिंह यादव सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।